क्रमांक / 61 /अका./कार्यपरिषद/2022 जगदलपुर, दिनांक 20/01/2022

## //कार्यपरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

20 JAN 2022

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 36वीं बैठक दिनांक 20.01.2022 को अपरान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। कोविड–19 के नियंत्रण हेतु शासन/प्रशासन द्वारा जारी सभी प्रोटोकाल एवं निर्देशों का पालन करते हुए बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए तथा शेष निम्नलिखित सदस्य विडियो कॉन्फ्रेसिंग (Google Meet App) के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए :–

**बैठक में उपस्थित सदस्य**

1. प्रोफेसर (डॉ.) शैलेन्द्र कुमार सिंह, — पदेन अध्यक्ष
   कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
2. श्री रेखचंद जैन, — सदस्य
   माननीय विधायक, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 86 – जगदलपुर
3. श्री अरविंद नेताम, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, — सदस्य
   कुम्हार पारा, जगदलपुर जिला बस्तर
4. डॉ. टी.आर. रात्रे, प्राचार्य, — सदस्य
   शासकीय नवीन महाविद्यालय, तोकापाल।
5. श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, संकायाध्यक्ष, शिक्षा एवं विधि संकाय, — सदस्य
   प्राचार्य, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर बस्तर
6. संभागीय संयुक्त संचालक, — सदस्य
   कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर
7. डॉ. व्ही.के. पाठक, — पदेन सचिव
   कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर

**गूगल मीट के माध्यम से सम्मिलित सदस्य**

8. पद्मश्री अनूप रंजन पाण्डेय,
   एच–15, सेलटैक्स कालोनी, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
9. श्री हर्षवर्धन अरोरा,
   द्वारा श्री धरेन्द्र अरोरा, कृष्णा पाटीदार भवन के पीछे, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
10. श्री राजेश चौहान, क्रिकेटर,
    एम.आई.जी., सी–2338, एम.पी.एच.बी. कालोनी, इंडस्ट्रियल स्टेट, भिलाई (छ.ग.)
11. डॉ. आर.के. हिरकने, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंध सूचना प्रौद्योगिकी संकाय, संकाय सदस्य
    प्राध्यापक (वाणिज्य), शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा
12. डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य, — सदस्य
    शासकीय महाविद्यालय, सरोना।
13. डॉ. (श्रीमती) एस.एम. तिमोथी, प्राचार्य, — सदस्य
    शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर।
14. श्री कमलाकर सिंह, — सदस्य
    पूर्व कुलपति, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल,
    निवासी–ई–3/22, नुपुर कुंज, अरेरा कालोनी, भोपाल
15. डॉ. ए.के.दीक्षित, प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) एवं — सदस्य
    संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान एवं कला संकाय,
    शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम, बीजापुर
16. डॉ. के. इंदिरा, प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) एवं — सदस्य
    संकायाध्यक्ष, विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय,
    शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर



20 JAN 2022

**विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 35वीं बैठक दिनांक 23.12.2021 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णय :–**

सम्पुष्टि प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 2 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 35वीं बैठक दिनांक 23.12.2021 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन को कार्यपरिषद के पटल पर रखना।

**निर्णय :–**

सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक – 3 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 29.12.2021 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 4 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 18.01.2022 को आयोजित किये जाने वाले विद्यापरिषद की बैठक में विचार हेतु रखे जाने वाले प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णय :–**

विषय क्रमांक – 3 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव) श्रीमती गौरी सिंह, उपमहानिदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेन्सी (भूतपूर्व आई.ए.एस. अधिकारी) को आगामी तृतीय दीक्षांत समारोह में मानद उपाधि प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव पर विद्यापरिषद द्वारा लिये गये निर्णय को स्थगित रखा जाये। शेष प्रस्तावों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 5 (विश्वविद्यालय के विकास विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 06.01.2022 को आयोजित भवन समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 6 (विश्वविद्यालय वित्त शाखा का प्रस्ताव)**

वित्तीय वर्ष 2021–22 का पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु बजट अनुमान के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 का पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु बजट अनुमान तैयार किया गया है। वित्त समिति की बैठक दिनांक 06.01.2022 में अनुमोदन उपरांत बजट पर चर्चा एवं अनुमोदन हेतु कार्यपरिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।



20 JAN 2022

**विषय क्रमांक – 7 (विश्वविद्यालय के परीक्षा /गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

MICS भोपाल के देयक क्र. 400, 401 देयक राशि 19,45,947.00 रू.(उन्नीस लाख पैंतालिस हजार नौ सौ सैंतालिस रू.) के भुगतान की स्वीकृति के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

विश्वविद्यालय का कार्यादेश क्रमांक 1345A/ ब.वि.वि./गोपनीय/2020 जगदलपुर दिनांक 15.06.2020 के माध्यम से कुलसचिव, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर एवं MICS भोपाल के मध्य दिनांक 19.08.2019 के अनुबंधित शर्तो एवं स्वीकृत दर के अनुसार सत्र 2020–21 के परीक्षा/गोपनीय के समस्त कार्यो के सफलता पूर्वक निष्पादन हेतु MICS भोपाल को कार्यादेश जारी किया गया था। MICS भोपाल के द्वारा सत्र 2020–21 की वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2021 एवं जनवरी–जून 2021 में निम्नालिखित कार्यो का सफलता पूर्वक निष्पादन करने के पश्चात देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया है–

| S.No. | Bill No. | Work Details | Rate | No. Of Student | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 400 | Post Examination Work | 7.5 | 66105 | 495787 .50 |
| | | Tabulation Register (Single Part Rs. 1*3= 3 Rs.) | 3 | 66105 | 198315 .00 |
| | | Non Terable Marksheet | 12 | 66105 | 733260 .00 |
| | | | | **Total** | **1487362 .50** |
| | | | | ICGST@18% | 267725 .25 |
| | | | | **Grand Total** | **1755087 .75** |
| 2 | 401 | Online Submission of Exam Form | 11 | 3945 | 43395 .00 |
| | | Pre Examination Work | 7.5 | 3945 | 29587 .50 |
| | | Post Exam Work | 7.5 | 3945 | 29587 .50 |
| | | Tabulation Register (Single Part Rs. 1*3= 3 Rs.) | 3 | 3945 | 11835 .00 |
| | | Non Terable Marksheet | 12 | 3945 | 47340 .00 |
| | | | | **Total** | **161745 .00** |
| | | | | ICGST@18% | 29114 .10 |
| | | | | **Grand Total** | **190859 .10** |
| **जी.एस.टी सहित कुल भुगतान हेतु राशि** | | | | | **1945946.85** |

उक्त तॉलिका अनुसार किये गये कार्यो का ICGST@18% के साथ कुल देयक राशि 19,45,947.00 रू. (उन्नीस लाख पैंतालिस हजार नौ सौ सैंतालिस रू.) भुगतान करने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

वित्तीय परीक्षणोपरांत भुगतान करने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –8**

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।



20 JAN 2022

**विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर का मुद्रण एवं निर्माण निविदा अनुबंध अवधि 31 मार्च 2022 तक वृद्धि के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

द्वितीय दीक्षांत समारोह एवं अग्र मुद्रण एवं निर्माण कार्य हेतु निविदा वर्ष 2019 में स्वीकृत फर्म ''स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर'' से विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 09/01/2020 को 01 वर्ष के लिए अनुबंध किया गया। अनुबंध की कंडिका 05 के तारतम्य में माननीय कार्यपरिषद की 31वीं बैठक दिनांक 09/04/2021 के निर्णय अनुसार अनुबंध पुनः 01 वर्ष तक अर्थात् दिनांक 08/01/2022 तक वृद्धि की गई। अब अनुबंध अवधि समाप्त हो गई है। स्वीकृति हेतु विषय प्रस्तुत है।

चूंकि विश्वविद्यालय के द्वारा तृतीय दीक्षांत समारोह शीघ्र आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। नोवेल कोरोना वायरस से व्याप्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये दीक्षांत समारोह हेतु एवं विभिन्न मुद्रण, निर्माण के लिए फर्म की सहमति के आधार पर अनुबंध की समयावधि 31 मार्च 2022 तक सशर्त बढ़ाया जाना उचित होगा। स्वीकृति हेतु विषय प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

यथाप्रस्तावित सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 2 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

ओम सांई इंवेंट मैनेजमेंट, बालाजी वार्ड, जगदलपुर का कैटरिंग, बैठक व्यवस्था इत्यादि की निविदा अनुबंध की अवधि 31 मार्च 2022 तक वृद्धि के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के द्वारा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह हेतु वर्ष 2019 में कैटरिंग, किराया ऑडियो, विजुएल सिस्टम, लाईटिंग, साउंड सिस्टम माईक सेट इत्यादि हेतु निविदा जारी किया गया था। जिसमें Om Sai Event Management, Balaji Ward, Jagdalpur का दर स्वीकृत किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय तथा फर्म के मध्य दिनांक 15/01/2020 को 01 वर्ष हेतु अनुबंध किया गया। अनुबंध कंडिका 09 के अनुसार आगामी 01 वर्ष तक अनुबंध जारी रखने हेतु फर्म को सहमति लेकर कार्यपरिषद की 31 वीं बैठक दिनांक दिनांक 09/04/2021 के विषय क्रमांक 18 में उक्त विषय पर 01 वर्ष तक अनुबंध बढ़ाने हेतु वृद्धि की स्वीकृति दी गई, तदुपरांत फर्म को पत्र क्रमांक/2653/भण्डार/श.म.क.वि.वि./2021–22, जगदलपुर, दिनांक 15/06/2021 प्रेषित कर सूचना दी गई।

चूंकि विश्वविद्यालय के द्वारा तृतीय दीक्षांत समारोह शीघ्र आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। नोवेल कोरोना वायरस से व्याप्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये दीक्षांत समारोह एवं संबंधित अन्य कार्य हेतु फर्म की सहमति के आधार पर अनुबंध की समयावधि 31 मार्च 2022 तक सशर्त बढ़ाया जाना उचित होगा। स्वीकृति हेतु विषय प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

यथाप्रस्तावित सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

कुलपति
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)



20 JAN 2022